जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्र.जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2024/1126 दिनांक : 28.06.2024

// अति-आवश्यक //

प्रति,

समस्त प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष/सहायक-केन्द्राध्यक्ष
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र,
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः- परीक्षा केन्द्र पर 24 घंटे प्रश्नपत्र के पेकेट एवं अन्य परीक्षा सामग्री प्राप्त करने हेतु सक्षम अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने विषयक ।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि स्नातक प्रथम वर्ष की परीक्षा दिनांक 01.07.2024 एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षायें दिनांक 29.06.2024 से प्रारम्भ हो रही हैं। इस हेतु विश्वविद्यालय से प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्रों को लगातार भेजे जा रहे हैं। जीवाजी विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में 08 जिले हैं जिनमें से कई की दूरियां भी अधिक हैं। अतः परीक्षा केन्द्र पर 24 घंटे सक्षम अधिकारी/कर्मचारी की प्रश्न-पत्र के पेकेट व अन्य सामग्री प्राप्त करने हेतु उपस्थिति सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय द्वारा भेजे जाने वाले वाहन किसी भी समय परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा सामग्री लेकर पहूँचेंगे।

परीक्षा अधिनियम के अनुसार परीक्षा कार्य अतिआवश्यक कार्य है। इस सम्बंध में कोई भी लापरवाही परीक्षा अधिनियम के अर्न्तगत दण्डनीय है। किसी भी प्रकार की लापरवाही को आवश्यक कार्यवाही हेतु तत्काल शासन को प्रेषित किया जायेगा।

परीक्षा सम्बंधी कार्यों के लिये निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी से सम्पर्क किया जा सकता हैः-

1. श्री एच0के0 द्विवेदी - एम0पी0 ऑन लाईन सम्बंधित कार्य - 9926232012
2. श्री अमल सरकार - प्रश्नपत्र सम्बंधित कार्य - 9425113988

आशा है कि परीक्षा कार्य हेतु आपका आवश्यक सहयोग विश्वविद्यालय को प्राप्त होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. श्रीमान आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0शासन, भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा ग्वालियर चम्बल संभाग।
3. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक